# मणिपुर में हिंसा और महिला अत्याचारों के विरोध में सड़क पर उतरी कांग्रेस

**कांग्रेसियों ने अग्रसेन चौराहे से पैदल मार्च कर कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन**

**राष्ट्रपति के नाम जिला कलक्टर को सौंपा ज्ञापन**




कलक्ट्रेट पर बुधवार को प्रदर्शन के दौरान बैरिकेडिंग पर चढ़कर नारे लगाते कांग्रेसी। -नवज्योति

कासं./अजमेर।

शहर एवं देहात कांग्रेस ने मणिपुर में हो रही हिंसा और महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचारों के विरोध में बुधवार को पैदल मार्च निकालकर कलेक्ट्रेट पर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने राष्ट्रपति के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपकर मणिपुर की घटना पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष व अजमेर संभाग प्रभारी रामविलास चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेसी अग्रसेन चौराहे से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च करते हुए पहुंचे। इसके बाद वहां नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया।

## प्रधानमंत्री को बताया 'प्रचार मंत्री'

कांग्रेसियों ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए मणिपुर की घटना के बाद प्रधानमंत्री की चुप्पी का जबरदस्त विरोध किया। उन्होंने प्रधानमंत्री को प्रचार मंत्री बताते हुए आरोप लगाया कि मणिपुर में देश की बेटियों से हुई दरिंदगी ने भारत की आत्मा पर चोट की है। प्रधानमंत्री विश्व में घूम रहे हैं लेकिन उन्हें मणिपुर जाने की फुर्सत नहीं। 3 महीने से जलते मणिपुर के हालात की चिंता नहीं। हिंसा के खिलाफ कांग्रेस लगातार केंद्र की बीजेपी सरकार का विरोध कर रही है। कांग्रेसी नेताओं का कहना है कि प्रधानमंत्री को तुरंत इस मामले पर एक्शन लेते हुए स्थिति को संभालना चाहिए। दो महीने से अधिक समय से मणिपुर में जातीय हिंसा जारी है। सैकड़ों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं और हजारों लोग बेघर होकर पलायन करने को मजबूर हो गए। मणिपुर में महिलाओं के साथ बदसलूकी और दुष्कर्म के विभत्स अपराध होना देश के सामने उजागर हुए हैं। आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के विरूद्ध अत्याचार बढ़ रहे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री इस पर एक शब्द बोलने को तैयार नहीं हैं, पूरे देश में महिलाओं में और आमजन में इस घटना को लेकर भारी रोष व्याप्त है। वहीं दूसरी और केंद्र सरकार सरकार मौन धारण किए हुए है। मणिपुर की भाजपा सरकार को तुरंत प्रभाव से बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए।

## ये हुए पैदल मार्च में शामिल

पैदल मार्च में पीसीसी उपाध्यक्ष नसीम अख्तर, पीसीसी महासचिव महेंद्र सिंह गुर्जर, पीसीसी सचिव डॉ. सुनील लारा, पीसीसी सदस्य महेन्द्र सिंह रलावता, पूर्व विधायक श्रीगोपाल बाहेती, रामनारायण गुर्जर, डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी, पूर्व जिला प्रमुख रामस्वरूप चौधरी, कांग्रेस कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में हाथों में केंद्र सरकार विरोधी तख्तियां लेकर पैदल मार्च में शामिल हुए। निवर्तमान शहर अध्यक्ष विजय जैन, निवर्तमान देहात उपाध्यक्ष हरिसिंह गुर्जर, मनोज चौहान, राजेश टंडन, इंसाफ अली, प्रताप यादव, अंकुर त्यागी, कैलाश कोमल, द्रौपदी कोली, शिवराज भड़ाणा, गुलाम मुस्तफा, बिपिन बैसिल, श्याम प्रजापति, शैलेंद्र अग्रवाल, नरेश सत्यावना, नौरत गुर्जर, निर्मल बैरवाल, वाहिद खान, पवन ओड, बलराम शर्मा, रश्मि हिंगोरानी, अरूणा कच्छावा, मंजू बलाई, गिरधर तेजवानी, रागिनी चतुर्वेदी, वैभव जैन, रवि शर्मा, ईश्वर टहलयानी, हितेश्वरी टांक, सुनील केन, गजेंद्र सिंह रलावता, शिव बंसल, देशराज मेहरा, मीनाक्षी मीणा, बालमुकुंद टाक, कपिल सारस्वत, नितिन जैन, संजय मौर्य, मयंक टंडन, राजेंद्र नरचल, मुनव्वर खान, सर्वेश पारीक, कमल गंगवाल, मनीष सेन, उमेश शर्मा, चंद्रेश सूनिया, मनीष शर्मा, मनोज कंजर, दिनेश शर्मा, भोमराज गुर्जर, पप्पू कुरैशी, अहमद हुसैन, एस.डी. मिश्रा, विजयलक्ष्मी पारीक, सम्पत कोठारी, चन्द्रप्रकाश शर्मा, धीरज गुर्जर, जहीर अब्बास, प्रहलाद माथुर, सुनील माथुर, छोटू सिंह रावत, अशोक सुकरिया, विकास चौहान, विकास खारोल, रवि दग्दी, हेमराज खारोलिया, उमेश शर्मा, निर्मल पारीक आदि शामिल हुए।

### बैरिकेडिंग पर चढ़ लगाए नारे

उत्साही कांग्रेसियों ने पुलिस द्वारा लगाए बैरिकेडिंग पर चढ़कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर विरोध जताया। कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में केंद्र सरकार विरोधी तख्तियां लेकर पैदल मार्च में शामिल हुए। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय जैन, पीसीसी उपाध्यक्ष नसीम अख्तर इंसाफ, महेंद्र सिंह रलावता, हेमंत भाटी, पीसीसी सचिव छोटूसिंह मीणा सहित संगठन के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर एकत्र होकर केंद्र सरकार और बीजेपी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

# देवनानी ने दिखाई 'लाल डायरी' बोले कांग्रेस का दोहरा चरित्र

**भाजपा जयपुर में करेगी सचिवालय का महाघेराव**

कासं/अजमेर




प्रेसवार्ता में 'लाल डायरी' दिखाते विधायक वासुदेव देवनानी।

मणिपुर मामले पर बुधवार को कांग्रेस की ओर से निकाले गए पैदल मार्च पर प्रतिक्रिया देते हुए विधायक देवनानी ने कहा कि कांग्रेस दोहरा चरित्र अपनाते हुए जनता को गुमराह और अपनी नाकामियों को छुपाने का काम कर रही है।

देवनानी ने ह्यनहीं सहेगा राजस्थानह्न अभियान के सम्बंध में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि मणिपुर मामले को लेकर तो कांग्रेस पूरे प्रदेश में पैदल मार्च निकाल रही है, लेकिन प्रदेश में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार और दुराचार की घटनाओं पर चुप्पी साध रखी है। महिला अपराध में राजस्थान देश में पहले पायदान पर है। देवनानी ने कहा कि लाल डायरी सहित विभिन्न 9 मुद्दों को लेकर भाजपा एक अगस्त को जयपुर में सचिवालय का महाघेराव करेगी।

प्रेसवार्ता के दौरान देवनानी ने प्रतीकात्मक लाल डायरी दिखाई। उन्होंने बिजली तंत्र की बदहाली का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश के तीनों डिस्कॉम में 900 करोड़ के घोटाले की जानकारी सामने आई है। फ्यूल सरचार्ज को डिस्कॉम ने 52 पैसे प्रति यूनिट तक बढ़ा दिया और अब उसको 1.33 रुपए करने की अनुमति मांगी जा रही है। बिजली के बिलों में अब 26 सौ करोड़ का बोझ उपभोक्ताओं पर डालने की तैयारी कर ली है। बिजली बिल में 750 रुपए तक सब्सिडी दी जा रही थी जिसे भी अब 562 रुपए ही कर दिया गया है। जनता ने बड़ी आस में महंगाई राहत कैंप में जाकर पंजीकरण कराया, लेकिन बिजली के बिल 4 से 5 गुणा तक बढ़कर आ रहे हैं।

इस मौके पर शहर भाजपा अध्यक्ष रमेश सोनी ने बताया कि एक अगस्त को जयपुर सचिवालय के महाघेराव के लिए अजमेर शहर से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जयपुर जाएंगे। इसकी तैयारियों को लेकर मंडल स्तर पर बैठकें की जा रही हैं। हर वार्ड और शक्ति केंद्र से एक बस भरकर जयपुर रवाना होगी। इस दौरान मेयर बृजलता हाडा, मीडिया प्रभारी अनीश मोयल, नहीं सहेगा राजस्थान अभियान के जिला सहसंयोजक राजेश घाटे, रचित कच्छावा, गजेन्द्र शर्मा आदि मौजूद थे।


**बीएसएल लिमिटेड**

सीआईएनः L24302RJ1970PLC002266

**पंजीकृत कार्यालयः** 26, औद्योगिक क्षेत्र, गांधीनगर, भीलवाड़ा – 311 001, (राजस्थान)

**फोनः** + 91-1482-245000

**ईमेलः** accounts@bslsuitings.com, **वेबसाइटः** www.bslltd.com

PROUD TO BE INDIAN PRIVILEGED TO BE GLOBAL

**अंशधारकों हेतु सूचना**

**वित्तीय वर्ष 2015–16 के संबंध में अदत्त लाभांश एवं ऐसे अंतर्निहित अंश जिनपर वित्तीय वर्ष 2015–16 से लगातार 7 (सात) वर्षों से लाभांश अदत्त/गैरदावाकृत है को आईइपीएफ (विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि) में हस्तांतरण**

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 124(6) के साथ पठित विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि (लेखा, संपरीक्षा, अंतरण और प्रतिदेय) नियम, 2016 ("आईइपीएफ नियम 2016") और समय–समय पर संशोधित, के प्रावधानों के अनुपालन में एतद् द्वारा सूचना दी जाती है। आईइपीएफ नियम 2016 में, अन्य मामलों के अतिरिक्त, ऐसे सभी अंशों, जिनके सम्बन्ध में लगातार सात वर्षों से लाभांश की अदायगी अथवा अंशधारकों द्वारा दावा नहीं किया गया हो, को विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि (आईइपीएफ) प्राधिकरण को निर्धारित तौर पर हस्तांतरण हेतु प्रावधान शामिल हैं।

नियमों के अनुसार, ऐसे सभी अंतर्निहित अंशों को, जिनके सम्बन्ध में गत् 7 (सात) वर्षों, वित्तीय वर्ष 2015–16 से लाभांश की अदायगी/दावा नहीं किया गया है, को आईइपीएफ के डीमैट खाते में हस्तांतरित किया जाना है।

कम्पनी ने ऐसे अंशधारकों, जिनके लाभांश का दावा गत् (7) सात वर्षों से नहीं किया गया है, को शीघ्र लाभांश का दावा करने हेतु सलाह देते हुए, उनके नवीनतम उपलब्ध पते पर स्पीड–पोस्ट के माध्यम से व्यक्तिगत सूचना पहले ही प्रेषित कर दी है। कम्पनी ने ऐसे सभी अंशधारकों का पूर्ण विवरण, उनका नाम, फोलियो नंबर अथवा डीपी आईडी/क्लाइंट आईडी सहित, अपनी वेबसाइट अर्थात् www.bslltd.com पर भी निवेशक अनुभाग के अन्तर्गत अपलोड कर दिया है।

तदनुसार, संबंधित अंशधारकों से अनुरोध है कि वे उत्तर दें तथा अपने सभी लाभांश का दावा नियत तिथि से पूर्व कर लें। वित्तीय वर्ष 2015–16 हेतु गैरदावाकृत लाभांश **30 अक्टूबर, 2023** को हस्तांतरण हेतु देय हो जाएगा। यदि कम्पनी/रजिस्ट्रार व ट्रांसफर एजेंट को अंशधारकों से कोई संवाद प्राप्त नहीं होता है तो कम्पनी नियम, 2016 का पालन करने की दृष्टि से कम्पनी ऐसे अंशों को आईइपीएफ के डीमैट खाते में स्थानांतरित कर देगी।

आईइपीएफ में शेयरों के हस्तांतरण से बचने के लिए हम आपसे अनुरोध करते हैं कि हस्तांतरण की नियत तारीख से पूर्व अपने लाभांश का दावा करें।

सम्बद्ध अंशधारकों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ विधिवत हस्ताक्षरित एक औपचारिक पत्र भेजकर गैरदावाकृत लाभांश पर अपना दावा प्रस्तुत करें:

1. मूल रद्द किए गए चेक की प्रति जिसपर बैंक खाता संख्या, बैंक का नाम, IFSC कोड एवं अंशधारक का नाम मुद्रित हो।
2. पैन की स्व–सत्यापित प्रतिलिपि।
3. पता प्रमाण के तौर पर आधार/पासपोर्ट/उपयोगिता बिल (3 महीने से ज्यादा पुराना नहीं) की स्व–सत्यापित प्रतिलिपि।

आईइपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरित गैरदावाकृत लाभांश एवं समता अंशों के संबंध में कम्पनी के विरुद्ध कोई दावा मान्य नहीं होगा।

अंशधारक कृपया ध्यान दें कि आईइपीएफ को हस्तांतरित अंशों को सभी एकत्रित लाभों सहित, यदि हो, आईइपीएफ प्राधिकरण से नियमों के अंतर्गत निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार, पुनः दावा कर के प्राप्त किया जा सकता है। इस मामले पर किसी भी स्पष्टीकरण हेतु, अंशधारक रजिस्ट्रार व ट्रांसफर एजेंट से संपर्क कर सकते हैं:

**एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड,** (यूनिटः बीएसएल लिमिटेड)
एफ–65, प्रथम तल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज–1, नई दिल्ली–110020,
फोन नंबरः 011–41406149–52, फैक्स नंबरः 011–41709881
ईमेल आईडीः helpdeskdelhi@mcsregistrars.com

**KYC, पैन, नामांकन और बैंक खाता एवं अन्य विवरण के अद्यतन करने हेतु अनुरोधः**

हम सभी अंशधारकों से आगे अनुरोध करते हैं कि कृपया अपनी केवाईसी एवं पैन, ईमेल आईडी, वर्तमान पता, बैंक खाता विवरण, नामांकन विवरण सहित 'ऑप्ट–आउट' का विकल्प यदि कोई हो तो अद्यतनित करें:

क) अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ, यदि अंश उनके द्वारा डीमैट मोड में प्रतिरक्षित हैं या

ख) कम्पनी के आरटीए के साथ, फॉर्म ISR-1, ISR-2, ISR-3, SH-13, SH-14 (जैसा लागू हो) जमा करके, यदि अंश भौतिक मोड में प्रतिरक्षित हैं, यदि उन्होंने उक्त विवरण/जानकारी अद्यतनित नहीं किया है। उक्त प्रपत्र वेबसाइट अर्थात् www.bslltd.com पर निवेशक अनुभाग के अन्तर्गत उपलब्ध हैं।

कृते **बीएसएल लिमिटेड**
हस्ता/–
**शुभम जैन**
कम्पनी सचिव
(ए-49973)

दिनांक : 26 जुलाई, 2023
स्थान : भीलवाड़ा (राजस्थान)

DNA-292358



G20 भारत 2023 INDIA | आज़ादी का अमृत महोत्सव

**किसानों के हितों के लिए समर्पित मोदी सरकार**



**पीएम-किसान सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा**

**1.25 लाख प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों** का राष्ट्र को समर्पण

इन केंद्रों से किसानों को एक ही जगह पर खेती से जुड़ी जरूरतें जैसे उर्वरक, बीज, कीटनाशक, मशीनरी, मिट्टी, बीज परीक्षण, उपकरण इत्यादि उपलब्ध; किसानों को मिलेगी राहत

खेती से जुड़ी **सरकारी योजनाओं** की जानकारियाँ भी किसानों को आसानी से मिलेंगी

देश भर में जिला, ब्लॉक और गाँव के स्तर पर होंगे **प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र**

अब तक इन केंद्रों से **5 करोड़** से अधिक किसान जुड़े

**अक्टूबर 2023** तक केंद्रों की संख्या बढ़ाकर **2 लाख 80 हज़ार** की जाएगी

**यूरिया गोल्ड - सल्फर कोटेड यूरिया का शुभारंभ**

'**यूरिया गोल्ड**' नीम कोटेड यूरिया से भी अधिक किफायती और असरदार

यह मिट्टी में सल्फर की कमी को दूर करेगा और साथ ही पोषक तत्व उपयोग क्षमता बढ़ाएगा

बेहतर उर्वरक से किसानों की पैदावार में बढ़ोतरी होगी और आय में वृद्धि होगी

**27 जुलाई 2023, सुबह 11 बजे, सीकर (राजस्थान)**

**कृषि क्षेत्र से जुड़ी अन्य पहल**

**पीएम किसान** की **14वीं** किस्त के रूप में **8.5 करोड़** से अधिक किसानों के खातों में **₹ 17,000 करोड़** से अधिक की सम्मान राशि का हस्तांतरण

**डिजिटल कॉमर्स के लिए ओपन नेटवर्क** यानी ONDC पर **1600** से अधिक **FPOs** की ऑनबोर्डिंग

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डी डी न्यूज़ और डी डी किसान पर | पीएम किसान हेल्पलाइन **155261** | अधिक जानकारी के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

cbc 01101/13/0002/2324

DNA 292439